दैनिक
न्याय साक्षी



# दूसरे चरण के लिए जारी चुनावी शोर कल शाम को थमेगा

## सभी प्रत्याशी इसके बाद घर-घर जाकर मांगेंगे वोट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 18 अप्रैल को राजनांदगांव, महासमुंद एवं कांकेर लोकसभा सीट के लिए होने वाले चुनाव हेतु चुनावी शोर मंगलवार शाम को थम जायेगा। इसके बाद सभी चुनाव में खड़े सभी प्रत्याशी अपने-अपने समर्थकों के साथ घर-घर जाकर मतदाताओं से अपने पक्ष में वोट डालने की अपील करेंगे। प्रदेश में 11 सीटों पर लोकसभा चुनाव तीन चरणों में किया जा रहा है। पहले चरण में बस्तर लोकसभा सीट के लिए मतदान 11 अप्रैल को शांतिपूर्व रूप से संपन्न हो गया है, वहीं दूसरे चरण में तीन लोकसभा सीट राजनांदगांव, महासमुंद एवं कांकेर में 18 अप्रैल को चुनाव होने है। दूसरे चरण चुनाव की तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही है।

इन तीनों लोकसभा सीट पर चुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्ण रूप से हो इसके इसलिए पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। बस्तर लोकसभा सीट में हुए चुनाव की तरह दूसरे चरण में भी अतिसंवेदशील क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में मतदान दलों को हेलीकाप्टर से रवाना किया जाएगा।




## महत्वपूर्ण एवं खास

### पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का दौरा कार्यक्रम

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 15 अप्रैल को सड़क मार्ग से दोपहर 2.00 बजे खनिज नगर मौलश्री विहार निवास रायपुर से प्रस्थान कर शाम 4 बजे भाजपा कार्यालय राजनांदगांव जिला राजनांदगांव पहुंचेंगे। जहां शाम 4.30 बजे 8.30 तक रोड-शो करेंगे। 8.30 बजे राजनांदगांव से प्रस्थान कर 10.30 बजे मौलश्री विहार निवास रायपुर पहुंचेंगे।

### गर्मी बढ़ते ही हो रही बिजली गुल

**महासमुंद।** गर्मी बढ़ते ही नगर सहित अंचल में बिजली गुल होने की समस्या धीरे-धीरे विकराल रूप ले चुकी है। समय से पहले विद्युत वितरण में सुधार नहीं लाया गया तो रबी फसल की सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पाएगा। वहीं अकारण व बेसमय हो रही बिजली गुल से परीक्षार्थियों की तैयारी में बाधा आ रही है। पिछले 1 सप्ताह से गर्मी के चलते तापमान बढ़ने लगा है। इससे ग्रामीण इलाकों में विद्युत और पानी की खपत बढ़ गई है। घरों में रात दिन पंखे कूलर चलने लगे हैं। बार-बार बिजली गुल होने की वजह से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। कुटेला, जोगनीपाली, बैतारी, छुईपाली, मोखापुटका, कनकेवा, कस्तूरबहाल, गेर्रा, छिबर्रा, पंडरीपानी, चारभाठा, जंगलबेड़ा, जम्हारी सहित अन्य इलाकों में बिजली गुल होने की शिकायत अब लगातार मिल रही है। ग्रामीणों के मुताबिक ज्यादातर बिजली दोपहर को गुल होती हैं। वहीं शाम होते ही हवा आंधी के साथ भी लाइट गुल हो जाती है। इसके चलते ग्रामीणों ने विद्युत वितरण व्यवस्था में सुधार की मांग सरकार व प्रशासन से की है। लगातार गिर रहे जलस्तर एवं समय-समय पर हो रही बिजली कटौती के कारण किसानों को फसल बचाए रखने के लिए एड़ी चोटी एक करना पड़ रहा है।

### सीबीएसई के नए नियमों से आसानी से दूसरे स्कूल जाना असंभव



**जगदलपुर।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने ऐसे विद्यार्थियों के लिए नये नियम बनाये हैं, जिसके अनुसार जो विद्यार्थी दूसरे स्कूलों में प्रवेश लेना चाहते हैं या जो अपना स्कूल बदलना चाहते हैं। अब उन्हें स्कूल बदलने का कारण स्पष्ट करते हुए इस संबंध में प्रमाणपत्र भी देना होगा। उल्लेखनीय है कि अभी तक सीबीएसई पाठ्यक्रम वाले विद्यार्थियों को स्कूलों को बदलना सरल था। एक स्कूल के स्थान पर दूसरे स्कूल में प्रवेश लेने पर बोर्ड की कोई समस्या नहीं थी। अब बिना वास्तविक कारणों के स्कूल बदलने की अनुमति नहीं मिल सकेगी। इस संबंध में सीबीएसई ने 8 ठोस कारण स्पष्ट किये हैं और उन्हीं के आधार पर स्कूल बदलने की अनुमति दी जायेगी। अन्य कोई कारण स्कूल बदलने का मान्य नहीं होगा। इस समय शहर में करीब 12 से अधिक सीबीएसई स्कूल हैं। इनमें पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं स्कूल बदलना चाह रहे हैं तो इनके पालकों की मुश्किलें बढ़ सकतीं हैं। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एचआर सोम ने बताया कि सीबीएसई स्कूलों के लिए नए नियम आए हैं और बिना ठोस कारण के स्कूल बदला नहीं जा सकेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले 9वीं और 11वीं की परीक्षा पास करने के बाद छात्र आसानी से दूसरे स्कूलों में 31 अगस्त तक प्रवेश ले लेते थे, अब ठोस कारण बताना होगा। साथ ही 15 जुलाई तक ही स्कूल बदलने के लिए आवेदन देना होगा ताकि प्रवेश जल्दी हो और विद्यार्थी पाठ्यक्रम में भी ज्यादा न पिछड़े। 31 अगस्त तक प्रवेश लेने से छात्र-छात्राएं पढ़ाई में पिछड़ जाते थे।

### शिक्षा विभाग के बी किसपोट्टा निलंबित


**कोरबा।** लोकसभा चुनाव की तैयारी के बीच शराब के नशे में पहुंचे शिक्षा विभाग के सहायक संचालक बी किसपोट्टा को अपर कलेक्टर ने निलंबित कर दिया है। उनकी ड्यूटी आईटी कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम में लगी थी। इस बीच क्रिसपोट्टा शराब के नशे में पहुंच गए। अपर कलेक्टर ने तुरंत ही उसका डॉक्टरी मुलाहिजा कराया। जिसमें नशे में होने की पुष्टि होने पर निलंबन की कार्रवाई की है। इसके पहले एक शिक्षक ट्रेनिंग में शराब के नशे में पहुंचा था लेकिन किसी अधिकारी के खिलाफ चुनाव में निलंबन की यह पहली कार्रवाई है।

### पांच साल मै करूंगा चौकीदारी

**कोरबा।** 14 अप्रेल को कोरबा लोकसभा प्रत्याशी ज्योतिनंद दुबे ने कोरबा लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों में दौरा किया। इसी कड़ी में आज उनका दौरा कोसाबाड़ी मंडल के पथरी पारा में आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व नेता वार्ड के संयोजक सहसंयोजक बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री बनवारी लाल अग्रवाल राजेंद्र अग्रवाल कोसाबाड़ी मंडल के अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल महामंत्री ललेश दुबे उपाध्यक्ष उदय सिंह पूर्व एल्डरमैन श्रीमती ज्योति वर्मा पार्षद चंद्रलोक सिंह विकास मिश्रा संयोजक श्री राजेश सोनी पंकज सोनी सत्येंद्र वर्मा हरनारायण विश्वकर्मा मैनेजर दास कुरेशा बेगम मंडल मंत्री अजय विश्वकर्मा के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक गण इस सभा में सम्मिलित हुए। जिसे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बनवारी लाल अग्रवाल ने संबोधित किया व अंत में श्री ज्योति दुबे ने अपनी बातें प्रमुखता के साथ लोगों के बीच रखी व सभी से आग्रह किया की देश हित में वोट देते हुए ऐसी सरकार को चुने जो पाकिस्तान की नापाक हरकतों का करारा जवाब देने की हिम्मत रखती हो और कोरबा से केंद्र में बनने वाली सरकार रूपी माला का एक फू ल कोरबा लोकसभा भी हो ऐसा आग्रह उन्होंने जनता से किया साथ ही 16 अप्रैल को मोदी के कोरबा आने पर सभी से बड़ी संख्या में सभा मे आने का आग्रह किया।

# बेल वाले बाबा दिखा रहे थानेदारी का खेल - भाजपा

## वोरा के बयान पर भाजपा का पलटवार



**रायपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोतीलाल वोरा द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के प्रति गैर जिम्मेदाराना आरोप लगाने पर पलटवार करते हुए भाजपा ने कहा है कि बेल वाले बाबा थानेदारी का खेल दिखा रहे हैं।

भाजपा प्रवक्ता श्रीचंद सुंदरानी ने कहा कि मोतीलाल वोरा नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की राजमाता सोनिया गांधी और उनके राजकुमार राहुल गांधी के साथ ही जमानत पर हैं। जमानत पर छूटे आरोपी थानेदार जैसी भूमिका निभाने लगे, ऐसा कांग्रेस में ही संभव है। जमानत पर छूटे राहुल गांधी ईमानदारी की मूर्ति बन कर देश के सक्षम प्रधानमंत्री पर तोहमत लगाते हुए नहीं शरमाते। अश्लील सीडी कांड में जमानत शुदा आरोपी भूपेश बघेल 24 घंटे अपनी मानसिकता का परिचय देते नहीं अघाते। अब तो मोतीलाल वोरा जी भी उसी सांचे में ढल गए हैं। सुंदरानी ने कहा कि भाजपा वोरा जी से जानना चाहती है कि आखिर किस दबाव में आकर उन्होंने भूपेश संस्कृति को अंगीकार किया है अन्यथा वोरा जी तो हमेशा शालीनता के साथ राजनीति करते आए हैं।

# भूपेश केवल लफ्फाजी करना जानते है - भाजपा



**रायपुर।** भाजपा ने कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह पर घटिया आरोप लगा कर कांग्रेस जनता को गुमराह करने की कितनी भी कोशिश कर ले लेकिन छत्तीसगढ़ की जनता यह अच्छी तरह जानती है कि जनता से किए वादे दरकिनार कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह साबित किया है कि भूपेश केवल लफ्फाजी करना जानते है और कुछ भी करना इनके बूते की बात नहीं। भाजपा प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश करने से कांग्रेस को कुछ भी हासिल नहीं होने वाला। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जिस तरह से अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं और विफलताओं को छुपाने के लिए हर रोज तरह तरह के आडंबर रच रहे हैं वह आखिर किस मानसिकता का प्रतीक कहा जाए। श्रीवास्तव ने कहा कि लोकतंत्र में जनता देवता होती है और जनता जनार्दन से झूठ पर झूठ बोलकर जिस तरह कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की सत्ता हथियाई और वादों से पलटी मार ली, वह कांग्रेस का असल चेहरा दिखाता है। कांग्रेसियों को झूठ बोलने में महारत हासिल है।वह हर बात का अर्थ अपने तरीके से निकालते हैं और झूठ को सच साबित करने पर तुल जाते हैं। राहुल गांधी से लेकर भूपेश बघेल तक और उनकी भाट मंडली जिस तरह हर रोज गुमराह करने की कोशिश कर रही है उससे जाहिर है कि विधानसभा चुनाव में गरीब किसानों और बेरोजगारों के साथ ही समाज के हर वर्ग से किए गए वादे न निभाने पर ध्यान भटकाने के लिए प्रपंच रचा जा रहा है।

## डॉ. अम्बेडकर एक महान आन्दोलन का नाम - डॉ. रमन सिंह

**रायपुर।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर सामान्य व्यक्ति नहीं थे वे महामानव थे। उन्होंने न केवल भारत को बल्कि पूरे विश्व को एक जीवन दर्शन दिया है। बाबा साहब ने भविष्य के भारत की छोटी से छोटी बातों को समझकर, कल्पना करते हुए देश के संविधान की रचना की, यह आने वाली हर पीढ़ी याद रखेगी। डॉ. भीमराव अम्बेडकर का नाम केवल एक नाम ही नहीं बल्कि एक महान आन्दोलन है। उन्होंने समाज को जिस नजरिये से देखा और समझा यह केवल बाबा साहब ही कर सकते थे।

# इंस्टाग्राम पर कॉपी-पेस्ट के चक्कर में ट्रोल हो गईं प्रिया प्रकाश वारियर



साल 2018 में वैलंटाइंस डे के स्पेशल मौक पर रातों-रात इंटरनेट सेंसेशन बन गई थीं साउथ इंडियन ऐक्ट्रेस प्रिया प्रकाश वारियर। स्कूली रोमांस वाले विडियो के कुछ क्लिप्स ने प्रिया को कुछ ही घंटों में जबरदस्त फेमस कर दिया। हालांकि, यहां हम उनके किसी ऐसे विडियो क्लिप की बात नहीं कर रहे, बल्कि यह बताने जा रहे हैं कि अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में कॉपी पेस्ट के चक्कर में वह ट्रोल हो गई हैं।

प्रिया के इसी विडियो के दम पर इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग जबरदस्त हो गई। बता दें कि करीब 7 मिलियन (70 लाख) लोग उन्हें इंस्टाग्राम पर फॉलो करते हैं। सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहने वाली ऐक्ट्रेस प्रिया ने हड़बड़ाहट में कुछ ऐसा कर डाला, जिसकी वजह से वह ट्रोल हो गईं। दरअसल प्रिया ने इंस्टाग्राम पर अपने एक विज्ञापन की कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं और हड़बड़ी में उन्होंने एक गड़बड़ कर दी। लोगों की नजरें प्रिया की तस्वीर से पहले उस कॉमेंट पर पड़ने लगीं, जिसमें उन्होंने कैप्शन की जगह लिखा था, इंस्टाग्राम और फेसबुक के लिए टेक्स्ट कंटेंट।

हालांकि, जैसे ही फॉलोअर्स प्रिया की इस गलती पर उन्हें ट्रोल करना शुरू किया, उन्होंने झट से अपनी इस गलती को सुधार लिया। आपको याद दिला दें कि अपनी मलयाली फिल्म ओरू अदार लव से डेब्यू करने वाली प्रिया के इसी फिल्म के विडियो क्लिप खूब वायरल हुए थे, जिसमें वह आंख मारती हुईं और अपनी उंगलियों से बंदूक चलाने का इशारा करती नजर आ रही थीं।

# मेला में नक्सलियों ने किया जवान पर हमला, जवान की हालत नाजुक

**बीजापुर। जिले के मद्देड़ में होने वाले राम नवमी के मेले के सुरक्षा में तैनात जवान पर नक्सलियों ने तेज धार धार हथियार से हमला कर दिया, इस हमले में जवान गम्भीर रूप से घायल हो गया है, जिसका उपचार मद्देड़ अस्पताल में जारी है।**



राम नवमी के अवसर पर हर वर्ष मद्देड़ में रात्रि मेले का आयोजन किया जाता है, इस मेले में आस पास के हजारो लोग पहुंचते है। ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए जवानों की तैनाती की जाती है। बीती रात में भी मेले की सुरक्षा के लिए जवानों की तैनाती की गई थी, इसी दौरान भीड़ का फायदा उठा कर नक्सलियों की स्माल एक्सन टीम ने एक जवान पर तेज धार धार हथियार से ताबड़ तोड़ हमला कर जवान के हथियार को लेकर फरार हो गए। इस हमले में जवान गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे तत्काल मद्देड़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहाँ उपचार जारी है। इस घटना के बाद पुलिस ने मेला को बंद करवा दिया, वही घटना के बाद ग्रामीणों में काफी दहशत व्याप्त हो गया है।

### न्यायालय तहसीलदार रायगढ़ जिला-रायगढ़ छ.ग.

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2018-19
ग्राम-भगवानपुर तह व जिला रायगढ़

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदका श्रीमती पूर्णिमा पटेल पति धनश्याम पटेल निवासी ग्राम भगवानपुर पो. गोरखा तहसील व जिला रायगढ़ (छ.ग.)द्वारा संहिता की धारा 109-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेखित किया गया है कि धनश्याम पटेल पिता जगतराम पटेल के द्वारा स्वयं के हक अधिकार की ग्राम भगवानपुर तहसील व जिला रायगढ़ में स्थित भूमि खसरा नंबर 100/5 से रकबा 0.194 हे, ख.नं. 96/3 रकबा 0.085 हे. भूमि को पंजीकृत उपहार विलेख के माध्यम से आवेदका को उपहार में प्रदान कर दिया गया है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र स्वीकार किया जाकर उक्त उपहार विलेख से प्राप्त भूमि का नामांतरण आवेदक द्वारा स्वयं के नाम पर किये जाने का निवेदन किया गया है।

प्रस्तुत आवेदन पर इस न्यायालय में दिनांक 13.05.201 को सुनवाई नियत की गई है। उक्त संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक तक दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.04.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**रायगढ़**

### न्यायालय तहसीलदार रायगढ़ जिला-रायगढ़ छ.ग.

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2018-19
ग्राम-भगवानपुर तह व जिला रायगढ़

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदका मालती पटेल पति चंद्रशेखर पटेल निवासी ग्राम भगवानपुर पो. गोरखा तहसील व जिला रायगढ़ (छ.ग.)द्वारा संहिता की धारा 109-110 के हतहत आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेखित किया गया है कि चंद्रशेखर पटेल पिता जगतराम पटेल के द्वारा स्वयं के हक अधिकार की ग्राम भगवानपुर तहसील व जिला रायगढ़ में स्थित भूमि खसरा नंबर 100/3 से रकबा 0.121 हे, ख.नं. 100/8 रकबा 0.179 हे. भूमि को पंजीकृत उपहार विलेख के माध्यम से आवेदका को उपहार में प्रदान कर दिया गया है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र स्वीकार किया जाकर उक्त उपहार विलेख से प्राप्त भूमि का नामांतरण आवेदक द्वारा स्वयं के नाम पर किये जाने का निवेदन किया गया है।

प्रस्तुत आवेदन पर इस न्यायालय में दिनांक 13.05.201 को सुनवाई नियत की गई है। उक्त संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक तक दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.04.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**रायगढ़**

### न्यायालय तहसीलदार रायगढ़ जिला-रायगढ़ छ.ग.

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2018-19
ग्राम-भगवानपुर तह व जिला रायगढ़

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक केशव पटेल पिता धनश्याम पटेल निवासी ग्राम भगवानपुर पो. गोरखा तहसील व जिला रायगढ़ (छ.ग.)द्वारा संहिता की धारा 109-110 के हतहत आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेखित किया गया है कि अनावेदक धनश्याम पटेल पिता जगतराम पटेल के द्वारा स्वयं के हक अधिकार की ग्राम भगवानपुर तहसील व जिला रायगढ़ में स्थित भूमि खसरा नंबर 67/1 रकबा 0.202 हे. ख.नं. 67/2 रकबा 0.045 हे. भूमि को पंजीकृत उपहार विलेख के माध्यम से आवेदक को उपहार में प्रदान कर दिया गया है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र स्वीकार किया जाकर उक्त उपहार विलेख से प्राप्त भूमि का नामांतरण आवेदक द्वारा स्वयं के नाम पर किये जाने का निवेदन किया गया है।

प्रस्तुत आवेदन पर इस न्यायालय में दिनांक 13.05.201 को सुनवाई नियत की गई है। उक्त संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक तक दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.04.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**रायगढ़**